हरिभूमि
# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, सोमवार 7 जुलाई 2025

06 अनिल भाई व्यक्ति नहीं विचार थे,वो संस्था ...



07 मुनिश्री सुधा सागर महाराज के बिहार के समय जैन...





## खबर संक्षेप

### संस्कृत गौरव दिवस कार्यक्रम को लेकर बैठक 11 को होगी

**विदिशा।** शिक्षा विभाग और पंडित गंगा प्रसाद पाठक ललित कला न्यास के सहयोग से इस वर्ष संस्कृत गौरव दिवस का आयोजन 20-21 अगस्त को होगा। संस्कृत गौरव दिवस का यह आयोजन महर्षि पतंजलि के कृतित्व एवं व्यक्तित्व पर केंद्रित होता है। देश भर के संस्कृत विद्वानों और विदिशा के विद्वानों से रिसर्च पेपर आमंत्रित किए जाते हैं। कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी होगी। कार्यक्रम में संस्कृत श्लोक पाठ, निबंध और भाषण प्रतियोगिता होगी। 11 जुलाई को शाम 4 बजे से बैठक आयोजित की गई है।

### देवशयनी एकादशी पर हुई उदयगिरि परिक्रमा

**विदिशा।** मप्र प्रांतीय पुजारी महासभा द्वारा आयोजित होने वाली उदयगिरि परिक्रमा रविवार सुबह 6 बजे बालाजी से मंदिर से प्रारंभ हुई। बालाजी महाराज का पूजन का ध्वज हाथ में लेकर भक्त राम घाट, बहरा बाबा घाट, महलघाट, बढ़ वाले घाट स्थित मंदिरों का पूजन करते हुए उदयगिरि पहुंचे। जहां भगवान नरसिंह, भैरव महाराज वराह भगवान का पूजन कर चरण तीर्थ पर वैत्रवती एवं भगवान शिव का पूजन करते हुए वापस बालाजी मंदिर पहुंचे। 20 किलोमीटर की इस पदयात्रा का उद्देश्य नगर के पुरातात्विक संरक्षण एवं उनके महत्वपूर्ण धार्मिक स्थान को जनमानस तक पहुंचाना था। इस दौरान मनोज रघुवंशी, सोनू कुशवाह, गजेंद्र प्रताप सिंह, रघुवर दयाल उपाध्याय देवी, रामसाहू , मूलचंद केवट, हल्के कुशवाह, भुजबल विश्वकर्मा आदि मौजूद रहे।

### अभिषेक का पहले ही प्रयास में सीए में चयन

**विदिशा।** गुलाबगंज निवासी अभिषेक रघुवंशी पुत्र सतीश रघुवंशी का पहले ही प्रयास में सीए में चयन हो गया। भोपाल चेप्टर में भी अभिषेक की तीसर रैंक है। उनकी इस उपलब्ध पर माता पिता सहित जिपं अध्यक्ष गीता कैलाश रघुवंशी ने बधाई दी है।



# धान से किसानों का मोह भंग, मक्का की ओर रुख कर रहे जिले के किसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

- जिलेभर में 30 जून तक 52 प्रतिशत बोवनी ही हो सकी। धान की जगह मक्का ने ली।

पिछले साले 5 लाख 19 हजार 359 हेक्टेयर में खरीफ सीजन की बोवनी की गई थी। इस बार 5 लाख 21 हजार 849 हेक्टेयर में बोवनी का लक्ष्य रखा गया है। किसानों ने खेतों में धान की रोपाई का काम शुरू कर दिया है।

कृषि अधिकारी केएस खपेड़िया ने बताया कि अभी तक जिले में 52% बोवनी हो चुकी है। यह आकड़ा 30 जून तक का है। जिलेभर में दो लाख 67 हजार 570 हेक्टेयर में बोवनी हो चुकी है। मक्का की फसल को लेकर किसानों को रुझान बढ़ा है। धान में अधिक लागत और मेहनत होने के कारण किसानों का धान रोपाई से मोह भंग होता जा रहा है। पिछले साल 21 हजार हेक्टेयर में मक्का की बोवनी की गई थी। इस साल 28 हजार 500 हेक्टेयर में बोवनी का लक्ष्य है। जिसके विरुद्ध 42 हजार हेक्टेयर में मक्का की बोवनी हो चुकी है।

पिछले साल 1 लाख 25 हजार 28 हेक्टेयर में धान की रोपाई की गई थी। इस बार धान का 90 हजार 500 हेक्टेयर रखा गया। अभी तक 10 हजार हेक्टेयर में ही धान की रोपाई हो सकी है।



### अब तक खरीफ की बोवनी

| फसल | लक्ष्य | पूर्ति |
|---|---|---|
| धान | 90500 | 10000 |
| ज्वार | 4500 | 2000 |
| मक्का | 28500 | 42000 |
| बाजरा | 2000 | 100 |
| अरहर | 300 | 50 |
| उड़द | 14000 | 2500 |
| मूंग | 2000 | 500 |
| सोयाबीन | 380000 | 210410 |
| मूंगफली | 40 | 10 |
| तिल | 9 | 0 |
| योग | 521849 | 267570 |

सभी आंकडे हेक्टेयर में हैं।

**विदिशा।** एक दिन पूर्व सोमवार को दिनभर लगातार बारिश होने के कारण खेतों में किसानों द्वारा बनाए गए धान के गढ्ढे भर गए हैं। अब किसानों ने धान की रोपाई का काम शुरू कर दिया है।

## हत्या या आत्महत्या: 20 जून से लापता था मजदूर, टी-शर्ट से परिजनों ने पहचाना

# रॉयल सिटी कॉलोनी की बाउंड्री के पीछे नाले में नरकंकाल मिला, गले में बंधा था गमछा

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

रॉयल सिटी कॉलोनी फेस-2 में उस समय सनसनी फैल गई जब एक नरकंकाल मिलने की सूचना क्षेत्र में फैली। रविवार को कॉलोनी की बाउंड्रीवॉल के पीछे नाले के पास एक मजदूर ने नरकंकाल को देखा और तुरंत आसपास के लोगों को खबर दी। सूचना मिलते ही इलाके में लोगों की भीड़ जमा हो गई।

शव की पहचान 35 वर्षीय लाल सिंह नामदेव के रूप में हुई, जो आज्ञाराम कॉलोनी की झुग्गी बस्ती का रहने वाला था। मृतक की भाभी भूरी बाई ने शव पर मौजूद नीली टी-शर्ट और काली पैंट से पहचान की। लाल सिंह 19 जून से घर से लापता था। परिजनों ने 20 जून को सिविल लाइन थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी।



**विदिशा।** सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की।

### आत्महत्या मानकर जांच में जुटी पुलिस

स्थानीय लोगों का कहना है कि पिछले करीब 8-10 दिनों से वहां से तेज बदबू आ रही थी लेकिन किसी ने ध्यान नहीं दिया। रविवार को एक मजदूर ने जब हड्डियों का ढांचा और कपड़े देखे तो घबराकर उसने लोगों को बुलाया। खबर मिलते ही सिविल लाइन थाना प्रभारी विमलेश राय पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस निरीक्षण में नरकंकाल एक पेड़ के पास पड़ा मिला। उसके गले में गमछा बंधा हुआ था। थाना प्रभारी विमलेश राय ने बताया कि प्रारंभिक जांच में यह आत्महत्या का मामला प्रतीत हो रहा है। गले में बंधे गमछे को देखकर यह अंदेशा जताया जा रहा है कि मृतक ने फांसी लगाई होगी, हालांकि पुलिस ने सभी पहलुओं की जांच शुरू कर दी है।

### फॉरेंसिक टीम ने हड्डियों व कपड़ों के नमूने एकत्र किए

पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए। फॉरेंसिक टीम भी मौके पर पहुंची और हड्डियों व कपड़ों के नमूने एकत्र किए। शव की हालत काफी खराब हो चुकी थी और कंकाल में बदल जाने के कारण मौत की तारीख का सटीक अनुमान लगाना मुश्किल हो रहा है। अनुमान लगाया जा रहा है कि करीब 10-15 दिन पहले मौत हुई होगी। मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया गया है। थाना प्रभारी ने बताया कि मौत के कारणों की पुष्टि पोस्टमार्टम रिपोर्ट से ही हो सकेगी। पुलिस आत्महत्या और हत्या दोनों एंगल से जांच कर रही है। मृतक के परिजनों और जान-पहचान वालों से भी पूछताछ की जा रही है ताकि यह पता लगाया जा सके कि लापता होने से पहले मृतक की किसी से दुश्मनी या विवाद तो नहीं था।

### बिना बताए घर से गया था मृतक

मृतक मजदूरी करता था। परिजनों के अनुसार वह 19 जून को बिना कुछ बताए घर से निकल गया था। घरवालों ने पहले उसे इधर-उधर ढूंढा, लेकिन जब पता नहीं चला तो 20 जून को गुमशुदगी की रिपोर्ट लिखवाई। पुलिस मामले की हर पहलू से गंभीरता से जांच कर रही है। घटना से कॉलोनी और आसपास के क्षेत्र में दहशत का माहौल है। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि यदि किसी को घटना या मृतक के बारे में कोई जानकारी हो तो पुलिस को बताएं ताकि जांच में मदद मिल सके।

# पत्थर से सिर कुचलकर हत्या करने वाले दोषी को दी उम्रकैद

## सीने में चाकू घोंपने के कारण हुई थी मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

हत्या के एक आरोपी को न्यायालय ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही उस पर 5 हजार रुपए का अर्थदंड भी लगाया है।

घटना 8 दिसंबर 2024 की है। गुलाबगंज में मृतक सूरज पारदी अपनी चाची ज्योति पारदी के साथ बैठा था। इसी दौरान नशे में धुत आरोपी बसंत सूर्यवंशी वहां आया। उसने सूरज से गाली-गलौच शुरू कर दी। विवाद बढ़ने पर आरोपी ने पहले पत्थर से सूरज के सिर पर वार किया। फिर चाकू से उसके सीने पर हमला कर दिया। ज्योति के बीच-बचाव करने की कोशिश पर आरोपी मौके से फरार हो गया। घायल सूरज को 108 एंबुलेंस से गुलाबगंज के सरकारी अस्पताल ले जाया गया। वहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। ज्योति पारदी की शिकायत पर थाना गुलाबगंज में हत्या का मामला दर्ज किया गया।

### गवाह और साक्ष्य के आधार पर हुई सजा

विदिशा सत्र न्यायालय में शासकीय अभिभाषक हिम्मत सिंह कुशवाह ने मामले में गवाह और साक्ष्य पेश किए। सभी तथ्यों के आधार पर न्यायालय ने आरोपी को भारतीय दंड संहिता की धारा 302 के तहत दोषी करार दिया।

# खराब सड़कों को लेकर सड़क पर उतरेगी कांग्रेस

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

लगातार बारिश के कारण शहर में जगह-जगह जलभराव की स्थिति बन रही है। शनिवार को दिनभर लगातार बारिश से विदिशा से भोपाल जाने वाले मुख्य मार्ग पर बारिश के बाद एक फीट तक पानी भर गया। यह राहगीरों और दोपहिया वाहन चालकों के लिए खतरनाक स्थिति है। सड़क पर बने बड़े गड्ढों में पानी भरने से लगातार दुर्घटनाएं हो रही हैं। कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने इसे लेकर सांसद और केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान को घेरा।

लगातार हो रही बारिश के बाद विदिशा भोपाल मुख्य मार्ग पर गड्ढों में एक फीट तक पानी भर गया। तेज रफ्तार चार पहिया वाहनों से उछलता कीचड़ और गंदा पानी राहगीरों को परेशान कर रहा है। नालियों के निर्माण के लिए सड़क किनारे खुदाई के कारण मिट्टी सड़कों पर आग गई है और वाहन चालक गिर रहे हैं। होमगार्ड ऑफिस से पूरनपुरा तक नाला निर्माण के कारण मिट्टी सड़क पर आने से लोग गिर रहे हैं।

### कांग्रेसी बोले: पेरिस तो दूर गांव बना दिया

कांग्रेस जिला अध्यक्ष मोहित रघुवंशी ने विदिशा की खराब सड़कों को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और नगरपालिका प्रशासन पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि स्मार्ट सिटी और पेरिस जैसी सड़कों के दावे करने वाले मुख्यमंत्री अपने गृहनगर को पुराने हालात में छोड़ गए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि विदिशा में तैनात होने वाले अधिकारी करोड़पति बनकर जाते हैं, जबकि जनता को बुनियादी सुविधाओं से वंचित रखा जाता है। कांग्रेस पार्टी ने विदिशा की बदहाल सड़कों के विरोध में 10 जुलाई के बाद प्रदर्शन और नगरपालिका का घेराव करने की घोषणा की है।

### सड़कों की हालत खराब जनता हो रही परेशान

कांग्रेस जिलाध्यक्ष मोहित रघुवंशी का कहना है कि राजधानी से जुड़ने वाली इस प्रमुख सड़क पर मंत्रियों और अधिकारियों का आवागमन होता रहता है। फिर भी इस मार्ग की स्थिति बारिश की शुरुआत में ही खराब हो चुकी है। इस ओर जनप्रतिनिधि और अधिकारियों का ध्यान नहीं हैं। खराब सड़कों के करण वाहन चालक भारी परेशान हैं।

# पूर्व सैनिक संगठन की बैठक में नई कार्यकारिणी घोषित, राजाराम राजपूत को पुनः अध्यक्ष बनाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

पूर्व सैनिक बहुद्देशीय सामाजिक संगठन जिला विदिशा की बैठक अहमदपुर रोड स्थित अभिनंदन गार्डन के सामने नवनिर्मित कार्यालय में आयोजित की गई। इस अवसर पर राजाराम राजपूत को पुनः अध्यक्ष चुने जाने पर उनका शाल, श्रीफल और माला पहनाकर सम्मान किया गया।



अध्यक्ष राजाराम राजपूत ने बैठक में नई कार्यकारिणी की घोषणा की। सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम के दौरान संगठन के नवनिर्मित कार्यालय का उद्घाटन पूर्व अध्यक्ष यसवीर सिंह, वरिष्ठ संरक्षक भास्कर राव विजवे एवं पूर्व तहसीलदार कैलाश नारायण ओझा द्वारा फीता काटकर किया गया। इसी अवसर पर अभिनंदन गार्डन परिसर में हरियाली महोत्सव के उपलक्ष्य में पौधरोपण भी किया गया। कार्यकारिणी में वरिष्ठ उपाध्यक्ष नरेंद्र सिंह शर्मा, सचिव प्रीतम सिंह राय, कोषाध्यक्ष सुरेंद्र प्रताप सिंह, संगठन के जिला महामंत्री विशाल पटवा, बुंदेल सिंह, संगठन प्रचार मंत्री यशवंत सिंह राजपूत एवं धीरज सिंह शामिल हैं। इस आयोजन में बड़ी संख्या में भूतपूर्व सैनिक उपस्थित रहे और संगठन को मजबूत एवं समाजहित में सक्रिय बनाए रखने का संकल्प लिया गया।

## लायंस क्लब आनंदपुर सद्गुरु व ओलंपस हाई ने रक्तदान शिविर लगाया

# 21 लोगों ने किया रक्तदान, पौधरोपण भी किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

ओलम्पस हाई स्कूल एवं लायंस क्लब आनंदपुर सद्गुरु के उपाध्यक्ष मोहित रघुवंशी के सहयोग से ओलम्पस हाई के 12वें स्थापना दिवस पर लिटिल ओलंपियन्स कैंपस शंकर नगर परिसर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

रक्तदान शिविर में 21 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। जिसमें स्कूल स्टाफ, अभिभावक, ड्राइवर्स इत्यादि ने भी रक्तदान कर इस नेक कार्य में अपनी सहभागिता दर्ज की। इसी के साथ ही विद्यालय परिसर में पौधरोपण किया गया। जिसमें गुड़हल, रातरानी, डेहलिया, गुलाब इत्यादि के पौधे रोप गए। पौधेरोपण के इस कार्यक्रम में सीएल गोयल द्वारा पौधे उपलब्ध करवाकर इस सेवा गतिविधि में सहयोग किया गया। साथ ही साथ श्री हरि वृद्धावश्रम में वृद्धजनों का स्वास्थ्य परीक्षण कर वृद्धों को फल वितरण किया गया। इस अवसर पर केएन शर्मा, रामस्वरूप शर्मा, डॉ गौरव शर्मा, अध्यक्ष डॉ दिनेश शर्मा, सचिव विनेश त्रिपाठी, कोषाध्यक्ष प्रकाश गोयल, विद्यालय परिवार के मोहित रघुवंशी, अन्य कर्मचारी आदि उपस्थित रहे।




**विदिशा।** रक्तदान शिविर में स्कूल स्टाफ और डायवर्स ने भी रक्तदान किया।

## पौधरोपण के लिए बेतवा के उद्गम स्थल पर किया जा रहा पौधरोपण

# झिरी गांव में अब तक 400 पौधे लगाए गए

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

बेतवा नदी अध्ययन एवं जनजाग्रति समूह के अंतर्गत डॉ. आरके पालीवाल एवं डॉ सुरेश गर्ग के संयुक्त संयोजन में आगामी 5 वर्ष तक के लिए पौधरोपण अभियान चलाया जा रहा है।

अब जब बेतवा उद्गम लुप्त हो गया है तब बिना सरकार की मदद से ग्राम सेवा समिति भोपाल एवं गांधी सुमिरन मंच मिलकर झिरी पर लगातार काम कर रहे हैं। अब तक 55 चैक डेम तैयार कर दिए गए हैं। अब तक क़रीब 400 फलदार पौधे लगवा दिए गए हैं। अरविंद द्विवेदी, अभुदय केलकर, जितेंद्र सिंह, परीक्षित सिंह आदि के सहयोग से पौधरोपण किया गया।

यह कार्यक्रम 5 वर्ष चलाने का लक्ष्य रखा गया है। पौधरोपण के इस काम में ग्रामीण भी सहयोग कर रहे हैं। झिरी गांव में बेतवा के उद्गम स्थल से चलने वाली पानी की धार बंद होने के बाद इसके संरक्षण के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। गर्मियों में चैक डैम निर्माण के बाद अब पौधरोपण के प्रयास से किए जा रहे हैं।



**विदिशा।** झिरी गांव में बेतवा के उद्गम स्थल को संरक्षित करने के लिए ग्रामीणों के सहयोग से पौधरोपण के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत अब तक करीब 400 पौधे लगाए जा चुके हैं। पांच साल तक अभियान चलाया जाएगा।



# कर्बला रवाना हुई अलम साहब की सवारी



हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

मोहर्रम की 10 तारीख को मुस्लिम समाज के लोग हजरत इमाम हुसैन की शहादत के रूप में मनाते हैं। जनरल मोहर्रम कमेटी के अध्यक्ष चौधरी मुशाहिद अली ने बताया कि आलम साहब की सवारी अपने मुकाम से 5:30 बजे उठकर कर्बला के लिए रवाना हुई। शहर की तमाम सवारियां अपने-अपने समय अनुसार उठकर कर्बला नदी पर जाएंगीं। रात के ठीक 1:30 पर सभी ताजिए बेतवा स्थित कर्बला कुंड में विसर्जन के लिए जाएंगे।

इस अवसर पर मुस्लिम एवं सभी समाज के सभी गणमान्य लोग जुलूस में शामिल हुए। इस दौरान इमामबाड़ा कमेटी के अध्यक्ष शरीफउद्दीन चौधरी शादाव, चौधरी फरहत अली, जुबेर अहमद पासा, सोहेल अहमद बबलू, टीपू पठान, आरिफ मंसूरी मौजूद रहे। यह जानकारी ऑल इंडिया मुस्लिम त्यौहार कमेटी के जिला अध्यक्ष सोहेल अहमद बबलू ने दी।

## खबर संक्षेप

### बिजली के तार दे रहे दुर्घटनाओं को आमंत्रण



**त्योंदा।** त्योदा में बीजासन माता मंदिर के पास विद्युत मंडल द्वारा भारी लापरवाही बरती जा रही है। विद्युत खंभा की जगह विद्युत केवल पेड़ पर बांध दी गई है। पेड़ पर खुली विद्युत केवल पर कभी भी करंट उतर सकता है। बिजली विभाग की इस लापरवाही के कारण कभी भी हो सकता है। ज्ञात हो कि बीजासन माता मंदिर के पास खम्मा टूटने के कारण लाइनमैन द्वारा पेड़ से केवल बांध दी गई, केवल के जरिए करंट पेड़ में उतर रहा है। इस लापरवाही के कारण आसपास के लोग परेशान हो रहे हैं।

### श्रमदान दल ने चलाया सफाई अभियान



**गंजबासौदा।** श्रमदान दल ने रविवार को साप्ताहिक श्रमदान अभियान 4.0 का 41वां चरण रिपटा घाट पर सम्पन्न किया। समापन की ओर साप्ताहिक श्रमदान अभियान समापन के बारे में श्रमदान दल के सदस्य नितिन अग्रवाल ने बताया कि साप्ताहिक श्रमदान अभियान 4.0 का समापन मानसून ओर नदी के जल स्तर के ऊपर निर्भर करेगा। श्रमदान अभियान के समापन के पश्चात दल पौधरोपण अभियान को निरंतरता देगा।

### कृषि मंत्री को समस्याओं से कराया अवगत



**गंजबासौदा।** कृषि मंत्री शिवराज सिंह के नगर आगमन पर वार्ड क्रमांक 1 व 2 की महिलाओं ने स्टेशन रोड पर स्थित श्री माता वैष्णो देवी के मंदिर पर उनका स्वागत किया एवं उनको अपनी समस्याओं से अवगत कराया कि वार्ड क्रमांक 1 की मुख्य गली को रेलवे की बाउंड्री वॉल बनने से बंद कर दिया गया है एवं अन्य रास्ते भी अतिक्रमण के कारण बन्द हैं। जिसके कारण वार्ड क्रमांक 1 एवम 2 में रहने वाले सभी नागरिक विगत 3 वर्षों से बहुत परेशान हैं, यहां तक कि कोई अप्रिय घटना घटित होने की स्थिति में फायर बिग्रेड या एम्बुलेंस भी नहीं आ सकती है। जिस पर चौहान ने आश्वासन देते हुए कहा कि समस्या का शीघ्र निराकरण किया जाएगा। इस मौके पर सुप्रिया शर्मा, हेमलता सेन, सीमा सोलंकी, सृष्टि सोलंकी, रजनी रैकवार सहित वार्ड की अनेक महिलाएं उपस्थित रहीं।

### केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने किया अनिल यादव स्मृति पत्रकार भवन का लोकार्पण

# अनिल भाई व्यक्ति नहीं विचार थे,वो संस्था थे,बासौदा के पर्याय थे: केंद्रीय मंत्री चौहान













हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

अनिल यादव जी व्यक्ति नहीं विचार थे, वो संस्था थे। वो गंजबासौदा के योद्धा थे। उन्होंने जनप्रतिनिधि न रहते हुए भी जनता की शक्ति का जनता के हित के लिए काम किया। अनिल भाई उपेक्षितों की आवाज बने। उन्होंने पेड़ों, खेत, नदी, जंगल की चिंता की। बेतवा, पाराशरी के संरक्षण का जिम्मा उठाया। उनके काम को हम कितना गिनाएं...। यह बात केंद्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कही।

वे रविवार को गंजबासौदा में वरिष्ठ पत्रकार एवं पर्यावरणविद् स्वर्गीय अनिल यादव की स्मृति में प्रेस क्लब एवं नगर पालिका परिषद के सहयोग से नवनिर्मित अत्याधुनिक पत्रकार भवन के लोकार्पण कार्यक्रम को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। मदन भैया क्लब पार्क के प्रांगण में आयोजित इस भव्य कार्यक्रम की अध्यक्षता विदिशा जिले के प्रभारी मंत्री लखन पटेल ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में राज्यसभा सांसद एवं महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष माया नारोलिया उपस्थित रहीं। विशेष अतिथियों के रूप में गंजबासौदा विधायक हरिसिंह रघुवंशी, विदिशा विधायक मुकेश टंडन, कुरवाई विधायक हरिसिंह सप्रे, भाजपा जिलाध्यक्ष महाराज सिंह दांगी, पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ. राकेश सिंह जादौन, नगर पालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव, जनपद अध्यक्ष नीतू देवेंद्र सिंह रघुवंशी सहित प्रदेश की अनेक हस्तियां उपस्थित रहीं।

**यादव की स्मृति में रोपा बरगद का पौधा**

कार्यक्रम की शुरुआत पौधरोपण से हुई। केंद्रीय मंत्री चौहान ने स्व यादव की स्मृति को अक्षुण्ण बनाए रखने के लिए परिसर में बरगद का पौधा रोपा। इस अवसर पर उन्होंने अनिल दाऊ फाउंडेशन की ओर से आयोजित रक्तदान शिविर में रक्तदाताओं के बीच पहुंचकर उनका उत्साहवर्धन किया। जहां कुल 86 यूनिट से अधिक रक्तदान हुआ। जिसके बाद उन्होंने फीता काटकर भवन का लोकार्पण एवं प्रतिमा का अनावरण किया। साथ ही नवनिर्मित पत्रकार भवन में पहली पत्रकार वार्ता भी की। इसके बाद मंचीय कार्यक्रम में चौहान ने मध्यप्रदेश के करीब तीन दर्जन से अधिक वरिष्ठ पत्रकारों को प्रेस क्लब गंजबासौदा की ओर से शॉल श्रीफल एवं स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया।

इस अवसर पर मंचीय कार्यक्रम में सर्वप्रथम प्रेस क्लब कार्यकारिणी सदस्यों ने केन्द्रीय मंत्री चौहान सहित सभी अतिथियों का विशाल पुष्पहार से स्वागत एवं अभिनंदन किया। इसके पश्चात नगर पालिका के पार्षदों ने भी अतिथियों का सम्मान किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री चौहान ने कहा आज का कार्यक्रम मेरी जिंदगी में अलग महत्व रखता है। अनिल भाई मेरे दिल के कोने में स्थान ये उन दिनों की बात है, जब हम विद्यार्थी परिषद में थे। उन्हीं दिनों में मेरी अनिल भाई से मुलाकात हुई थी। फिर बाद के दिनों में तो उनकी होटल नीलकमल हम छात्र नेताओं का स्थाई ठिया बन गई थी। भाभी जी (शशि यादव) आप आंखों में आंसू न लाएं। उनकी स्मृति आपकी ताकत है। उनके चित्र को सामने रखें और जनसेवा में अनवरत जुटी रहें। उन्होंने कहा अनिल भाई राष्ट्रवादी चिंतक थे। विचारक और संगठक थे। अनिल भाई मेरे लिए बासौदा का पर्याय रहे। हमने खूब साथ में काम किया। वे चाहते तो राजनीति में शिखर पर पहुंच सकते थे, लेकिन उन्होंने अपनी मिट्टी को नहीं छोड़ा। उनके पास राजनीति और पत्रकारिता चुनने का मौका आया तो उन्होंने पत्रकारिता को प्राथमिकता दी। मैंने उन्हें विभिन्न काम करते देखा। उन्होंने पेड़, जंगल, नदियों की खूब चिंता की। नरवाई पर उनकी आत्मा रोती थी। उन्होंने जनप्रतिनिधि न रहते हुए भी जनता की शक्ति का जनता के हित के लिए काम किया। बेतवा, पाराशरी के संरक्षण का जिम्मा उन्होंने उठाया। .... मैं कहां कहां से गुजर गया में उनके लेखों को आपने पढ़ा होगा, हमेशा ही उन्होंने उसमें चिंताएं गिनाईं। समाज से उपेक्षित पारधी, उनके बच्चों की आवाज उन्होंने उठाई। उनका नेतृत्व कुशल था। जब मैंने लोकसभा चुनाव लड़ा उस समय उन्होंने सामने न आकर लोगों को जोड़ा। पर्यावरण के लिए उन्होंने काफी काम किया। जब मैं मुख्यमंत्री बना तो फोन पर हमारी लगातार बात होती थी। मुख्यमंत्री बनने के बाद पर्यावरण के संरक्षण का जिम्मेदारी उन्हें सौंपी गई। मैं प्रतिदिन पेड लगाता हूं, अनिल भाई हम तुम्हारे कामों को पूरा कर रहे हैं। अब तो आपकी अर्धांगिनी हमारे भाभी भी जनता के लिए काम करने लगी है। आप जहां भी हैं, उनकी शक्ति बढ़ाते रहना। अनिल भाई आपकी प्रेरणा थी पत्रकार भवन, ये भवन आपकी स्मृति है। बासौदा वालों अपने लिए तो सब जीते हैं। दूसरों के लिए भी जिएं। सभी को साथ लेकर आगे चलते चलो, जीवन उसी का नाम है। अनिल भाई इतिहास छोड़कर गए हैं। उनके चरणों में मेरी श्रद्धांजलि।

कार्यक्रम में विधायक हरिसिंह रघुवंशी ने कहा हम सब एक ऐसे व्यक्तित्व को स्मरण कर रहे हैं, जो केवल नाम नहीं, बल्कि विचार और आदर्शों की जीवंत मिसाल हैं। स्वर्गीय अनिल यादव जी। आज उनकी जयंती पर हम उन्हें नमन करते हुए उनके जीवन से सीख लेने का संकल्प लेते हैं।

उन्होंने हमेशा समस्याओं के साथ समाधान भी दिए। दिल्ली से पत्रकारिता की पढ़ाई कर 'जनसत्ता' से जुड़े और अपनी पैनी लेखनी से समाज को नई दृष्टि दी। स्व अटल बिहारी वाजपेयी जैसे युगपुरुष को पहली बार गंजबासौदा लाने का श्रेय उन्हें ही जाता है। इस अवसर पर विधायक हरिसिंह रघुवंशी ने केंद्रीय मंत्री को नगर विकास से जुड़ा मांग पत्र भी सौंपा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नगर पालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव ने कहा कि आज का दिन मेरे लिए शब्दों में बयां कर पाना आसान नहीं है। यह दिन मेरे लिए एक साथ गर्व, सम्मान और गहरे विषाद का क्षण है। आज जब मैं अपने जीवन के पथप्रदर्शक, मेरे जीवनसाथी, मेरे सखा, मेरे मार्गदर्शक स्वर्गीय अनिल यादव जी को स्मरण कर रही हूं तो लगता है मानो समय एक पल को ठहर गया है। उन्होंने जिस तरह अपने विचारों, अपने शब्दों और अपनी कर्मठता से समाज को दिशा दी, वह अपने आप में अद्भुत अध्याय है। वे पत्रकार थे, लेकिन पत्रकारिता उनके लिए सिर्फ एक पेशा नहीं था, वह तो उनका जुनून था, उनकी आत्मा थी। वे शब्दों में सिर्फ खबरें नहीं लिखते थे, वे उन शब्दों से समाज की नब्ज को छूते थे, उसमें चेतना का संचार करते थे। वे पर्यावरण के प्रहरी थे। पेड़-पौधों से लेकर वन्य जीवन तक, हर उस चीज की चिंता उन्हें थी। कितने ही युवाओं को उन्होंने न सिर्फ पत्रकार बनाया, बल्कि समाज और प्रकृति के प्रति जिम्मेदार नागरिक भी बनाया। उन्होंने समाज के उन हिस्सों को मंच दिया, जिन्हें अक्सर मुख्यधारा भुला देती है, पारधी, बंजारे, लोहगड़िया, सपेरे अनिल जी की लेखनी में ये लोग कभी पराये नहीं थे। उन्होंने हमेशा अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति को समाज के बीच सबसे आगे रखा। जब-जब मैं विचलित होती हूं, मुझे उनका धैर्य याद आता है। जब कोई कठिनाई सामने आती है, तो मुझे उनका साहस संबल देता है। जब कोई निर्णय लेना होता है, तो उनकी सीख रास्ता दिखाती है।उन्होंने सांसद प्रतिनिधि एवं अपने देवर देवेंद्र यादव के सेवाभावी कार्य बताते हुए कहा कि मैं सीता तो नहीं हूं, लेकिन मेरे देवर सचमुच लक्ष्मण हैं। आज जब मैं अनिल जी को याद करते हुए यह सब कह रही हूं तो मेरी आंखों में सिर्फ आंसू नहीं हैं, इनमें गर्व की चमक भी है। क्योंकि मुझे गर्व है कि मैं स्वर्गीय अनिल यादव जी की जीवनसंगिनी हूं, उस व्यक्तित्व की, जिसने हमें बताया कि लेखनी से बड़ा कोई शस्त्र नहीं, सेवा से बड़ा कोई धर्म नहीं और प्रकृति से बड़ा कोई देवता नहीं।

इस दौरान महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद माया नारौलिया ने भी संबोधित करते हुए अपने अनुभव एवं संस्मरण साझा किए। वहीं सांसद प्रतिनिधि देवेंद्र यादव ने आभार प्रदर्शन के साथ वरिष्ठ पत्रकार अनिल यादव को याद करते हुए उनके सेवाभावी कार्य बताए। उन्होंने कहा, आज मेरे बड़े भाई की 71 वीं जयंती है। भाईसाहब को जो लोग ज्यादा जानते थे, उनमें एक मैं भी हूं। वे मेरे दोस्त थे तो पिता भी। उन्होंने परिवार को बांधे रखा। उन्होंने अपने जीवन में परिश्रम किया और बुलंदियों पर पहुंचे। वे मेरे हीरो थे। वे राम थे तो मैं लक्ष्मण। जो उन्होंने कहा, मेरे लिए शिरोधार्य रहा। भाभी (शशि यादव) के रूप में हमें लक्ष्मी मिलीं, जो आज भी परिवार को जोड़े हैं। भाईसाहब की स्मृति को चिरस्थायी बनाए रखने के लिए हम अनेक कार्य कर रहे हैं, उसी के अंतर्गत यह पत्रकार भवन भी बनाया गया है।

इस अवसर पर कार्यक्रम को महंत राममनोहर दास, पूर्व विधायक निशंक जैन, सामाजिक कार्यकर्ता वीरेंद्र मोहन शर्मा, अतुल शाह, वरिष्ठ पत्रकार डॉ डीपी शर्मा, सौदान सिंह यादव, गोविंद नायक, कैलाश सक्सेना, यशपाल यादव, अखिलेश श्रीवास्तव, भाजपा नेता सुधीर यादव, पर्यावरणविद् श्याम बोहरे सहित अन्य गणमान्य लोगों ने भी संबोधित किया। मंच संचालन राष्ट्रीय कवि संगम के मध्य भारत प्रांत अध्यक्ष आशीष दुबे ने किया। कार्यक्रम में भोपाल के वरिष्ठ पत्रकार उमेश त्रिवेदी, गिरीश उपाध्याय, मृगेंद्र सिंह, अजय बोकिल, जगदीश द्विवेदी, पंकज शुक्ला, सतीश एलिया, गुरेंद्र अग्निहोत्री, विदिशा के वरिष्ठ पत्रकार वेदप्रकाश शर्मा, अतुल शाह, सचिन तिवारी, आरके वसुदेव, बीडी अहरवाल, सिरोंज के वरिष्ठ पत्रकार अब्दुल शुबूर हसन, राजीव जैन, गुलाबगंज के ओपी खैरा, गंजबासौदा के डॉ.डीपी शर्मा, गोविंद नायक, कैलाश सक्सेना, सौदान सिंह यादव, यशपाल यादव, सत्यनारायण शर्मा, अखिलेश श्रीवास्तव, ओपी चौरसिया सहित कई वरिष्ठ पत्रकार गणों का सम्मान किया गया। लोकार्पण कार्यक्रम में वरिष्ठ समाजसेवी कांतिभाई शाह, वरिष्ठ भाजपा नेता राजेश तिवारी, कप्तान सिंह यादव, दीपक तिवारी, लक्ष्मी शर्मा, पंचतत्व संस्था अध्यक्ष सुरेंद्र दांगी, सुरेंद्र भारद्वाज, विजय अग्रवाल, राजेंद्र व्यास, हरिसिंह ठाकुर बजीराबाद, दीपक यादव, डॉ अनिल शर्मा सहित बडी संख्या में व्यापारी, पत्रकार, जनप्रतिनिधि, अधिकारी, कर्मचारी सहित नगर के अनेक गणमान्य जनों की उपस्थिति रही। इस दौरान प्रेस क्लब गंजबासौदा ने पत्रकारों के हित से संबंधित और नगर एवं क्षेत्र विकास और ट्रेन स्टापेज की मांग को लेकर ज्ञापन भी केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान को सौंपे।

उधर इस कार्यक्रम के बाद केन्द्रीय मंत्री और अन्य जनप्रतिनिधियों ने मानस भवन में लखपति बहना कार्यक्रम में सहभागिता की। इसके बाद सभी ने बूथ कार्यकर्ता तुलसीराम सैनी के घर भोजन किया और वहां से कृषि महाविद्यालय पहुंचकर निरीक्षण किया। जिसके बाद सांदीपनी विद्यालय और रिंग रोड निर्माण का जायजा लिया। इससे पूर्व केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने रेलवे स्टेशन का निरीक्षण, मीसाबंदी नरेश जैन के परिजनों से मुलाकात के बाद निर्माणाधीन अस्पताल भवन का भी निरीक्षण किया।

### रविवार को हल्की बारिश के बाद मौसम रहा साफ

गंजबासौदा। रविवार को नगर सहित इलाके भर में मौसम लगभग साफ रहा और रिमझिम बारिश ही हुई। यहां उल्लेखनीय है कि गत दिवस तक इलाके मे प्रतिदिन जोरदार बारिश हो रही थी। लेकिन रविवार को मौसम साफ रहा और मामूली बारिश ही हुई।

### चार माह रहेंगे महावीर विहार में

## मुनियों का चातुर्मास दीवाली के बाद संपूर्ण होगा





हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

युग शिरोमणि संत शिरोमणि पूज्य गुरुदेव आचार्य श्री 108 विद्या सागर महाराज के मंगल आशीर्वाद से विद्या शिरोमणि समय सागर महाराज की आज्ञा से सम्भव सागर महाराज, निस्सीम सागर महाराज, श्रमण सागर महाराज, संस्कार सागर महाराज, ओमकार सागर महाराज, ऐलकी गौरव सागर महाराज जबलपुर से नरसिंहपुर करेली बेगमगंज बागरोद होते हुए मुनिश्री ससंघ का भव्य मंगल प्रवेश शनिवार को दोपहर 2.30 बजे नगर में भव्य चातुर्मासिक मंगल प्रवेश हुआ जो बेतोली फटाक से प्रारंभ होकर त्योंदा रोड, जयस्तभ चौक, अंबेडकर चौक , नेहरू चौक होता हुआ श्री पारसनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में प्रवेश हुआ। मंगल प्रवेश के दौरान त्योंदा रोड पर सर्व व्यापारी मित्र मंडली अनिल अग्रवाल, मनोज डागा, अजय जैन, सुरेश तनवानी, अशोक जैन, मुकेश अरोरा, अभिकांत वर्मा, संजय भावसार, लकी अग्रवाल, सावन अग्रवाल, देवराज सिंह राजपूत ,मयंक टॉक, मुकुल जैन, श्रवण अग्रवाल, अरुण शर्मा, संजीव जैन द्वारा मुनिश्री के पग धोकर आरती की गई।

निर्यापक मुनिश्री संभव सागर महाराज वर्ष 2008 पंचकल्याणक में पूज्य गुरुदेव ससंघ के संघस्थ नगर पधारे थे। उसके पश्चात 17 वर्षों बाद पधारे हैं एवं बाकी सभी मुनिराज एवं ऐलक श्री का नगर में दीक्षा उपरांत प्रथम नगर प्रवेश हो रहा है।

## रेलवे स्टेशन से शराब दुकान हटाने कांग्रेस ने धरना प्रदर्शन कर केंद्रीय मंत्री को सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

नगर के रेलवे स्टेशन हनुमान मंदिर के पास संचालित शराब की दुकान हटाने की मांग को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पूर्व विधायक निशंक जैन के नेतृत्व में धरना प्रदर्शन कर केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान को एक ज्ञापन सौंपा। सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया कि रेलवे स्टेशन के पास संचालित शराब दुकान हटाने की मांग वर्षों से चली आ रही है लेकिन प्रशासनिक अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे है। यहां तक की गणमान्य नागरिको, व्यापारियो एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा गई बार शराब की दुकान हटाने हेतु धरना प्रदर्शन किया गया है । लेकिन जनहित की मांग को नजर अंदाज किया जा रहा है। उक्त स्थिति को देखते हुए उक्त शराब की दुकान हटाई जाए। यहां उल्लेखनीय है कि मध्यप्रदेश सरकार द्वारा शासकीय शराब की दुकान खोलने के लिए कुछ मापदंड निर्धारित किए गये है। जिसमें मुख्य रूप से स्थान, दूरी और लाईसेंस प्रक्रिया शामिल है । उक्त मापदंड के शराब की दुकान किसी भी स्कूल, कॉलेज, धार्मिक स्थल या अस्पताल से 100 मीटर की दूरी पर होनी चाहिए । रेलवे स्टेशन के मुख्य गेट के दाहिने ओर 8 मीटर की दूरी पर मैन रोड पर वर्षों पुराना हनुमान मंदिर है, साथ ही इसी रेलवे स्टेशन के मुख्य गेट के बायी ओर 25 मीटर की दूरी पर मैन रोड पर शराब की दुकान का संचालित हो रही है। इस शराब की दुकान के बाजू में 5 फिट चौडी गली सार्वजनिक प्रयोजन के लिए है। इस गली से रहवासीगण मंदिर दर्शन के लिए आते जाते हैं, जिन्हें खासी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, सर्वाधिक परेशानी महिलाओं, युवतियों को इस गली से निकलने में होती है। हनुमान मंदिर के पास शराब की दुकान होने से महिलाओं, बहनों और बेटियों को मंदिर आने, जाने में बहुत असुविधा हो रही है, शराब पीकर उत्पात मचाने वाले लोग मंदिर के रास्ते में अभद्र टिप्पणियां करते है और कई बार छेड़छानी तक की घटनाएँ सामने आई है। कई बार शराबी मंदिर के सामने परिसर में ही बैठकर शराब पीते है। जिसमे धार्मिक आस्था का अपमान होता है और माहोल अशांत हो जाता है। आमजन की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए उक्त स्थान से शीघ्र शराब की दुकान हटाई जाए। इस अवसर पर बडी संख्या में कांग्रेस नेता एवं कार्यकर्ता प्रदर्शन में मौजूद रहे।

### निकाले ताजियों के जुलूस, कर्बला घाट पर हुआ विसर्जन



गंज बासौदा। रविवार को मोहर्रम की दसवीं तारीख को इमाम हुसैन और उनके साथियों की शहादत की याद में नगर में अनेक ताजिया जुलूस निकाले गए। जुलूस देर रात्रि से शुरू होकर दिनभर निकलते रहे। ताजिया गांधी चौक में एकत्रित हुए जहां से बेतवा नदी के करबला घाट पहुंचे जहां बनाए गए कुंड में ताजियों का विसर्जन किया गया। स्थल तक पहुंचा। इस दौरान लोगों ने मातम किया और या हुसैन की सदाएं गूंजती रहीं। जुलूस में बड़ी संख्या में मुस्लिम समाज के लोग शामिल हुए। सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस बल तैनात रहा, स्थानीय लोगों के सहयोग से आयोजन संपन्न हुआ।

## खबर संक्षेप



### आशी ने पास की चार्टर्ड अकाउंटेट की परीक्षा

**सिरोंज।** सिरोंज की आशी जैन ने चार्टर्ड अकाउंटेट की कठिन परीक्षा में सफलता हासिल का जैन समाज व नगर का नाम रौशन किया। पचखनी जैन मंदिर के कोषाध्यक्ष शिक्षाविद राजेश जैन की पुत्री आशी जैन ने चार्टर्ड अकाउंटेंट का कठिन एग्जामिनेशन मे अपनी मेहनत लगन और समर्पण से सफलता प्राप्त की। आशी जैन ने अपनी पढाई को हर काम में आगे रखा जिसका परिणाम आज सभी के सामना सफलता के रूप में देखा जा रहा है। तो वही आशी जैन की सफलता पर आईजा के प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट राजीव जैन सैनानी,दिगंबर जैन पचखनी जैन मंदिर के अध्यक्ष डॉ राजीव जैन बंटी,मंत्री सौरभ जैन गुलाबगंज द्वारा शुभकामनाएं प्रेरित की गई।

### संबद्धता प्रकरणों के शुल्क भुगतान 10 अगस्त तक

**सागर।** माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल के निर्देशानुसार सत्र 2025-26 हेतु मान्यता प्राप्त शासकीय/अशासकीय संस्थाएं जिनका संबंधित जिला शिक्षा अधिकारी / संभागीय संयुक्त संचालक, लोक शिक्षण द्वारा नवीन मान्यता/ मान्यता नवीनीकरण/ अतिरिक्त संकाय की मान्यता प्रदाय की गई है। ऐसी संस्थाओं को संबंद्धता शुल्क के ऑनलाईन भुगतान हेतु अंतिम दिनांक 10.08.2025 तक के लिए निर्धारित की गई है।

### आवन जैन मंदिर समिति ने सिरोंज से पहुंच जैन समाजजनों का किया सम्मानित

# मुनिश्री सुधा सागर महाराज के बिहार के समय जैन समाजजनों ने श्रीफल भेंट कर प्राप्त किया आशीर्वाद







हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

सिरोंज जैन समाज व दिगम्बर जैन नसिया जी के उधारक मुनि पुगंव 1008 सुधा सागर महाराज के सिरोंज आगमन एंव बिहार के समय से जैन समाज व पचखनी जैन मंदिर के युवा साथी बराबर मुनि श्री के बिहार में साथ चल रहे है। दिगम्बर जैन नवयुवक मंडल सिरोंज का दिव्यघोष राधौगढ में पहुचकर मुनि श्री की भव्य आगवानी की गई थी। तो वही 33 वर्षो बाद मुनि श्री सुधा सागर महाराज अशोक नगर पहुच रहें है। इस मौके पर सिरोंज के युवा,महिला मण्डल सहित विभिन्न समाजसेवी मुनि श्री के बिहार में साथ चल रहे हैं।

इतिहास में ऐतेहासिक अशोकनगर की भव्य आगवानी के लिए सिरोंज के जैन श्रद्धालु भी बंडी संख्या में अशोक नगर पहुचेगें। इस आगवानी के पूर्व ग्राम रूठिया में आईजा के प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट राजीव जैन सैनानी,पचखनी जैन मंदिर के अध्यक्ष डॉ राजीव जैन बंटी,सुधा सागर महाराज के परम भक्त एंव पचखनी जैन मंदिर के मंत्री सौरभ जैन गुलाबगंज ने मुनि को श्रीफल भेंट किया। साथ ही आगामी आयोजित कार्यक्रम के बारे में मुनि श्री से दिशा निर्देश व आर्शीवाद प्राप्त किया।

वर्तमान समय में मुनि श्री का बिहार अशोकनगर के लिए हो रहा है और उनके बिहार के दौरान लगभग 201 वाहनो से जैन श्रद्धालुओं अशोकनगर में भव्य आगवानी की जाएगी। इस दौरान 21 घोडे,दो हाथी,दस बैण्ड,54 ढोल के साथ 15 किमी मीटर तक रंगोलिया बनाई जाएगी।

मुनि श्री के अशोकनगर में प्रवेश होते ही दो ड्रोन कैमरे,30 जेसीबी,60 ट्राला के माध्यम से पुष्प वर्षा की जाएगी। तो वही 130 चांदी की थालियो में गुरू का पाद प्राक्षाल किया जाएगा। इस ऐतेहासिक भव्य आगवानी के लिए हजारो की संख्या में श्रद्धालु अशोक नगर पहुचेंगें।

**तीन करोड़ से अधिक के खर्च की तैयारी में समाज** - शहर के निजी मैरिज गार्डन को समाज ने चार महीने के लिए बुक कर दिया है। तो वही इंदौर का टेंट भी चार महीने के लिए बुक किया गया है। इस दौरान बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं को निजी मैरिज गार्डन और तीन मंजिला जैन भवन में रूकने की निशुल्क व्यवस्था की जा रही है। साथ ही चार महीने तक बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं के भोजन की निशुल्क व्यवस्था की जा रही है। जिसमें रोजाना दो से चार हजार लोग खाना खाएगें। इससे कार्यक्रम में जैन समाज करीब तीन करोड रूपए से अधिक का खर्चा करने की तैयारी में है।

**आवन में जैन समाज द्वारा किया गया सम्मान** - श्री 1008 पारसनाथ दिगम्बर जैन आवन जिला गुना में जैन मंदिर के अध्यक्ष डॉ विमल कुमार जैन,दीपक कुमार जैन,सुभाष कुमार जैन,राज कुमार जैन,निर्मल कुमार जैन,महावीर जैन,अमितेस जैन जामनेर ने मध्यप्रदेश आईजा के अध्यक्ष एडवोकेट राजीव जैन सैनानी,पचखनी जैन मंदिर सिरोंज के अध्यक्ष डॉ राजीव जैन बंटी,मंत्री सौरभ जैन गुलाबगंज का मंदिर समिति द्वारा सम्मान किया गया। इस मौके पर मंदिर में चल रहें निर्माण कार्य की जानकारी के साथ वेदी प्रतिष्ठा के कार्यक्रमो में भी सिरोंज के जैन श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया।

### यातायात महकमे ने नियमों का उल्लंघन करने वाले 14 वाहनों पर की चालानी कार्रवाई, हिदायत भी दी

# सड़क सुरक्षा के प्रति जागरुकता और सड़क हादसों की रोकथाम को जरूरी: रीतेश बघेला



स्कूल वाहनों के विरुद्ध यातायात पुलिस ने चलाया विशेष चेकिंग अभियान


हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

विदिशा पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी के निर्देशन व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रशांत चौबे,नगर पुलिस अधीक्षक उमेश कुमार तिवारी के मार्गदर्शन में यातायात नियमों का उल्लंघन कर रहे स्कूली एवं यात्री वाहनों के विरुद्ध यातायात पुलिस द्वारा एक विशेष चेकिंग अभियान प्रारंभ किया गया।

तो वही विशेष अभियान के अंतर्गत यातायात पुलिस द्वारा लगभग 40-45 स्कूल वाहनों की सघन जांच की गई। जांच के दौरान दस्तावेजों में अनियमितता, सुरक्षा उपकरणों की कमी तथा ओवरलोडिंग जैसी गंभीर कमियां पाई जाने वाले कुल 14 वाहनों के विरुद्ध कार्रवाई की गई,उक्त कार्रवाई के तहत कुल 6400 रूपये का शमन शुल्क वसूलते हुए संबंधित वाहन चालकों के विरुद्ध चालानी कार्रवाई की गई।

**यातायात प्रभारी ने वाहन चालको को दी हिदायत** - इस मौके पर यातायात प्रभारी सूबेदार रीतेश बघेला ने वाहन चालको को हिदायत देते हुए कहा कि वह वाहन संबंधी कागजात रजिस्ट्रेशन लाइसेंस बीमा फिटनेस परमिट पीयूसी इत्यादि पूर्ण रखे। साथ ही ओवरलोड सवारी न बैठाए, वाहन चलाते समय शराब का सेवन या मोबाइल पर बात ना करें, वाहन तेज गति में न चलाए, वाहन में इमर्जेंसी विंडो, मेडिकल बॉक्स, अग्निशमन यंत्र सही हो, वाहन के ब्रेक सही काम कर रहे हो आदि यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया। वही उन्होने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य जनमानस में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना,सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम करना एवं जनहानि को न्यूनतम करना है। भविष्य में भी ऐसे अभियान आयोजित कर यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित किया जाएगा।

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने मनाई डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जंयती



**सिरोंज।** नगर के वार्ड क्रमांक 16 मतदान केन्द्र 224 पर भारतीय जनता पार्टी जनसंग के संस्थापक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जन्म दिवस पर भाजपा कार्यकर्ता द्वारा उनकी जंयती मनाई गई।

इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता तोषमणी पंथी कन्ना के निवास पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने के लिए भाजपा के वरिष्ठ नेता विष्णु गर्ग पंहुचे और उन्होंने डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण कर उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज जो कश्मीर है।

वह केवल डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी के वदोलत है ओर आज विश्व की सबसे बड़ी पार्टी भाजपा है वह भी उन्ही की बदौलत है। इस अवसर पर भाजपा नेता तोषमणी पंथी कन्ना ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

# युवा ही देश को विश्व की महाशक्ति बनाएंगे : युवा नेता अविराज सिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

युवाओं को हम परिभाषित कर सकते हैं सपनों, ऊर्जा, जोश, जिद, धैर्य, त्याग, संघर्ष, तपस्या, तेज और सूर्य से। युवा ही देश को विश्व की महाशक्ति बनाएंगे। यह विचार युवा नेता अविराज सिंह ने यहां आयोजित युवा क्षत्रिय समाज के सम्मेलन को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। मां सरस्वती, वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप और महाबली महाराज छत्रसाल के पूजन के साथ आरंभ हुए युवा क्षत्रिय समाज सम्मेलन को संबोधित करते हुए युवा नेता अविराज सिंह ने कहा कि अच्छी शिक्षा, अच्छे संस्कार, चरित्र निर्माण और मातृशक्ति का सम्मान करने जैसे शुभ कार्यों से हम सभी युवा देश को विश्व की महाशक्ति बनाएंगे। भारत की संस्कृति ने वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप, स्वामी विवेकानंद, छत्रपति संभाजी महाराज और रानी पद्मावती जैसी विभूतियां समाज को दी हैं। ये सभी हमारे गौरव हैं इनके त्याग, बलिदान और संघर्षों की गाथा जानना हम सभी युवाओं का दायित्व है। छत्रपति संभाजी महाराज ने 40 दिन औरंगजेब की कैद में अमानवीय यातनाओं की पराकाष्ठा सही और प्राणों का उत्सर्ग कर दिया लेकिन अपना धर्म छोड़ने से इंकार कर दिया। संस्कारों की ऐसी दृढ़ता युवाओं को प्रेरणा है। आदर्श क्षत्रिय का निर्माण धैर्य, विनम्रता, स्वाभिमान, त्याग और मर्यादा के पांच गुणों से होता है।

# पायलट प्रोजेक्ट के अंतर्गत पेपरलेस चुनाव सागर में मतदानकर्मियों का प्रशिक्षण आज

**सागर।** जिले में 22 जुलाई को 16 मतदान केंद्रों में पंचायत एवं जनपद पंचायत हेतु मतदान पेपरलेस तरीके से कराए जाएंगे। इस हेतु राज्य निर्वाचन आयोग के आयुक्त मनोज कुमार श्रीवास्तव एवं सचिव अभिषेक सिंह ने कलेक्टर संदीप जी आर से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से चर्चा की । आयोग ने इतने बड़े स्तर पर पेपरलेस चुनाव के लिए सागर को अतिरिक्त बजट देते हुए इस चुनाव हेतु समस्त व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने हेतु दिशा निर्देश जारी किए हैं। अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी रूपेश उपाध्याय ने बताया कि इस चुनाव हेतु मतदान दलों का प्रशिक्षण दिनांक 7 जुलाई को शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय में आयोजित किया जाएगा। जिसमें 150 से अधिक मतदानकर्मियों को प्रशिक्षण राज्य निर्वाचन आयोग के वरिष्ठ अधिकारियों एवं मास्टर ट्रेनर्स द्वारा दिया जाएगा। इस चुनाव के लिए विशेष रूप से इंटीग्रेटेड पोलिंग बूथ मैनेजमेंट सिस्टम तैयार किया गया है, जिसमें पोलिंग बूथ से संबंधित जानकारी, मतदाता को सर्च करना, डिजिटल साइन एवं थंब डिवाइस के उपयोग द्वारा समस्त प्रपत्र डिजिटल फॉर्मेट में तैयार किए जाएंगे। कलेक्टर संदीप जी आर ने सागर जिले का चयन किए जाने पर आयोग को धन्यवाद दिया एवं इस चुनाव को निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से संपन्न कराए जानें हेतु अधीनस्थों को निर्देशित किया ।

# विधायक कार्यालय में श्यामा प्रसाद मुखर्जी जयंती मनाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरवाई

भारतीय जनसंघ के संस्थापक एवं महान राष्ट्रवादी चिंतक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती के अवसर पर आज विधायक कार्यालय कुरवाई में एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में विधायक हरि सिंह सप्रे ने कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर डॉ. मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। विधायक सप्रे ने अपने उद्बोधन में डॉ. मुखर्जी के योगदान को याद करते हुए कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने एक देश, एक विधान, एक निशान के सिद्धांत को लेकर देश की एकता और अखंडता के लिए अपना सर्वस्व बलिदान कर दिया। उनका जीवन आज के युवाओं और कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणा का स्त्रोत है। इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि सीताराम सैनी, वरिष्ठ कार्यकर्ता बिनोद जैन, मण्डल अध्यक्ष राजेश लोधी, मीडिया प्रभारी वरुण चौबे समेत अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम में उपस्थित कार्यकर्ताओं ने डॉ. मुखर्जी के विचारों को आत्मसात करने का संकल्प लिया।

# चल समारोह तैयारियों को लेकर हुई बैठक



हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

रविवार को रामलीला चौराहा स्थित राधा कृष्ण मंदिर में कृष्ण जन्माष्टमी चल समारोह समिति की बैठक हुई। जिसमें 16 अगस्त को कृष्ण जन्माष्टमी के पावन पर चल समारोह आयोजन की तैयारियों को लेकर चर्चा की गई। अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा के प्रदेश अध्यक्ष जगदीश यादव के निर्देशन में इस वर्ष के लिए सर्वसम्मति से श्रीकृष्ण जन्माष्टमी चल समारोह समिति अध्यक्ष रामपाल सिंह यादव को नियुक्त किया गया है। समिति के माध्यम से विदिशा शहर में जन्माष्टी के अवसर पर भव्य चल समारोह निकाला जाएगा। रामपाल के अध्यक्ष बनने के बाद समाज के पदाधिकारियों ने उन्हें बधाई दी और फूल मालाएं पहनाकर उनका स्वागत किया। इस अवसर पर समाज के जिलाध्यक्ष रविंद्र यादव फौजी, महेंद्र यादव, रजनीश यादव, जितेंद्र यादव, जंप उपाध्यक्ष मलखान सिंह यादव, पार्षद धर्मेंद्र यादव, पूर्व पार्षद राकेश यादव, नरेंद्र यादव, समिति के पूर्व अध्यक्ष विपिन यादव आदि मौजूद रहे।

# खुरई के सिविल अस्पताल को केंद्र सरकार से मिला गुणवत्ता प्रमाण पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवाओं और मरीजों को बेहतर इलाज उपलब्ध कराने के लिए खुरई के सिविल अस्पताल को राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक प्रमाण-पत्र प्रदान किया है। पूर्व गृहमंत्री एवं विधायक भूपेन्द्र सिंह ने इस उपलब्धि पर सिविल अस्पताल के समस्त स्टाफ एवं क्षेत्र के नागरिकों को बधाई दी है। ज्ञातव्य है कि खुरई के सिविल अस्पताल सहित विधानसभा क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार हेतु पूर्व गृहमंत्री भूपेन्द्र सिंह सतत प्रयासरत रहे हैं। अनेक सुविधाएं और चिकित्सा उपकरण उपलब्ध कराये हैं, जो अन्य अस्पतालों में बहुत कम है। भूपेन्द्र सिंह खुरई और मालथौन के प्रवास के दौरान दोनों अस्पतालों का आये दिन निरीक्षण करते रहे हैं।

# सतनाम नर्सिंग होम प्रबंधन ने 8 जुलाई को पेशेंट रजिस्ट्रेशन फीस न लेने की बात कही



**सागर।** सागर के उपनगर क्षेत्र की वरिष्ठ महिला चिकित्सक और सतनाम वेलफेयर सोसाइटी की कोषाध्यक्ष डॉ त्रपत कौर के जन्मदिन 8 जुलाई के अवसर पर सतनाम वेलफेयर सोसाइटी और सतनाम नर्सिंग होम प्रबंधन ने डॉक्टर कौर के जन्मदिन को सार्थक बनाने और कमजोर वर्ग के लोगों को कुछ राहत देने के उद्देश्य से अस्पताल आने वाले मरीजों को 8 जुलाई के दिन पेशेंट रजिस्ट्रेशन फीस न लेने की बात कही है।

इतना ही नहीं सोसाइटी और सतनाम नर्सिंग होम प्रबंधन ने इन मरीजों साथ आने वाले कुछ बच्चों के लिए निशुल्क रेनकोट देने की भी बात कही है। इस निर्णय के बाद सतनाम वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष मनी सिंह गुरोंन ने कहा की अक्सर लोग जन्मदिन के मौके पर फिजूल खर्ची कर जन्मदिन सेलिब्रेट करते हैं लेकिन सतनाम वेलफेयर सोसाइटी ने डॉ त्रपत कौर के जन्मदिन के मौके पर एक नई पहल शुरू करने का प्रयास किया है,जो आगे भी जारी रहेगी।

### क्षतिग्रस्त भवनों को तोड़ने की कार्रवाई जारी

**सागर।** कलेक्टर संदीप जीआर द्वारा सभी एसडीएम को निर्देशित किया गया है कि वह जर्जर एवं क्षतिग्रस्त अवस्था के भवनों को हटाने की कार्रवाई करें। इसी क्रम में आज अनुविभागीय अधिकारी राजस्व देवरी मुनव्वर खान के द्वारा जर्जर मकानों को तोड़ने की कार्रवाई की जा रही है। देवरी विकासखंड के अंतर्गत आने वाले ग्राम कोपरा में क्षतिग्रस्त भवन को तोड़ने की कार्यवाही कराई गई। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व मुनव्वर खान ने अपील की है जिन भी लोगों के क्षतिग्रस्त एवं जर्जर स्थिति में मकान है मकान मालिक उन्हें तत्काल तोड़ने की कार्यवाही करें एवं मलवा को हटाया जाए यदि कोई अप्रिय घटना घटित होती है तो इस संबंध में मकान मालिक पर कार्रवाई की जाएगी।

# ब्राह्मण परिषद ने 83 मेधावी विद्यार्थियों का किया सम्मान



हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

युवा कान्यकुब्ज ब्राह्मण विकास परिषद के तत्वावधान में रविवार को प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया। कार्यक्रम सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक चला।

समाज के अध्यक्ष नीतेश तिवारी और सचिव राजकुमार दुबे ने बताया कि इस बार 2024-25 में 10वीं एवं 12वीं कक्षा में 75% से अधिक अंक प्राप्त करने वाले 83 छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। समिति ने पहले 2022-23 में भी लगभग 70 मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान किया था। यह आयोजन उसकी ही अगली कड़ी है। परिषद का उद्देश्य छात्रों को शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करना और समाज में सकारात्मक माहौल बनाना है। अपने उद्बोधन में अध्यक्ष नीतेश तिवारी ने कहा कि प्रतिभा स्वयं प्रमाणित होती है, उसे किसी प्रमाण पत्र की आवश्यकता नहीं होती। हालांकि इस तरह के कार्यक्रमों से बच्चों का हौसला बढ़ता है और वे आगे और मेहनत करने के लिए प्रेरित होते हैं। उन्होंने कहा कि जिन विद्यार्थियों के 75% से कम अंक आए हैं, उन्हें निराश नहीं होना चाहिए बल्कि और परिश्रम करके सफलता हासिल करनी चाहिए। उन्होंने इस बात पर चिंता जताई कि कम अंक आने पर कुछ बच्चे गलत कदम उठा लेते हैं। ऐसे में परिवार को चाहिए कि वे बच्चों को सहानुभूति और प्रोत्साहन दें ताकि वे गलत राह न चुनें। समिति के सचिव ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी समाजजनों और अतिथियों का आभार व्यक्त किया और कहा कि परिषद आगे भी ऐसे आयोजन करके विद्यार्थियों को सम्मानित करती रहेगी ताकि समाज में शिक्षा का महत्व बढ़े और युवा पीढ़ी उन्नति के पथ पर अग्रसर हो।

कार्यक्रम में शिवदयाल दुबे बामनखेड़ा, कान्यकुब्ज समाज के पूर्व अध्यक्ष बाबूलाल चौधरी, एडवोकेट रामस्वरूप शर्मा, भाजपा नेता कैलाश शर्मा पगरानी, चंद्रप्रकाश तिवारी रावन, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राजेश दुबे बर्रो, वरिष्ठ पत्रकार अनिल तिवारी, देवेंद्र तिवारी अहमदानगर, शिवकांत तिवारी, विष्णु दुबे बामनखेड़ा, महेंद्र तिवारी, विकास ढोलखेड़ी, भानू दुबे, शिवराम शर्मा, सचिन दुबे, जितेंद्र तिवारी नागपिपरिया, यशवंत तिवारी रिनिया, ललित तिवारी पमारिया, विशाल शर्मा भौरिया, सुरेंद्र उपाध्याय खाईखेड़ा, मनोज दुबे बामनखेड़ा, विद्याचरण तिवारी रिनिया, हरिशंकर दुबे, नीरज शर्मा नगतरा, रिंकेश शर्मा, अनुभव तिवारी रिनिया, खेमराज तिवारी, अखिलेश नायक सहित बड़ी संख्या में समाजबंधु शामिल रहे। कार्यक्रम का संचालन शिवकुमार तिवारी ने किया।

law.kbtgroup.in
E-PRAVESH CODE - INS3230
बरकतउल्लाह विश्वविद्यालय से संबंद्धता, उच्च शिक्षा से मान्यता प्राप्त एवं BCI से अनुमोदित
KUSHABHAU THAKRE COLLEGE
3 YEARS LLB (बैचलर ऑफ लॉ)
NH-146, Village Suakhedi Near Atarikhejda. Vidisha (M.P.)
ADMISSIONS OPEN

BETWANCHAL GROUP OF INSTITUTIONS
Approved by : AICTE & PCI
Affiliated by : RGPV & Barkatullah University
ADMISSION OPEN
MBA (HR.Marketing, Finance) Duration-2 year Affilizindia: AICTE & Barkatullah University
BBA Duration-3 year affillzindia : barkatullah University
BA Duration-3 year Amliated to: barkatullah University
BSC Ouration 3 year Affillated to: barkatullah University
B.COM Duration-3 year Amliated to: barkatullah University
ITI Fitter Copa Affillated to NCVT
B. Pharma Duration-4 year (Approved By : PCI) Amlited to: RGPV
D. Pharma Duration-2 year (Approved By : PCI) Amlited to: RGPV
Add : NH-146, Village Madipur, Block Gulabganj, Distt. Vidisha City Add : NH-86, Vaishali Viharm Sagar Road, Vidisha
Mob.: 07592-447549, 9755550416

## भाजपा नेता, पार्टी कार्यकर्ता जन्मदिन को लेकर उत्साहित

# भाजपा जिलाध्यक्ष राकेश शर्मा का पार्टी कार्यालय में धूमधाम से मनेगा जन्मदिन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

भाजपा जिला कार्यालय में अध्यक्ष राकेश शर्मा का जन्मदिन सोमवार को धूमधाम से मनाया जाएगा। सर्वप्रथम श्री शर्मा सांचेत जाएंगे, यहां अपने कुल देवी देवताओं की मत्था टेक पूजा अर्चना करेंगे। इसके बाद परिवार जनों से आशीर्वाद लेंगे। बाद में दोपहर 12 बजे महात्मा गांधी वृद्धाश्रम में बुजुर्गो के बीच अपने विचार साझा करेंगे और फल स्वल्पाहार वितरित करेंगे। दोपहर 1 बजे भाजपा जिला कार्यालय में भाजपा नेताओं और पार्टी कार्यकर्ताओं के बीच अपने जन्मदिन पर शामिल होंगे।



### राकेश शर्मा ने युवा मोर्चा को दी थी नई ऊंचाईयां

*उसके पश्चात श्री शर्मा सन 1998 से लेकर 2007 तक अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद में जिला संयोजक के पद पर कार्यरत रहे। इसके बाद वर्ष 2007 से भारतीय जनता युवा मोर्चा में कार्य किया और दो बार भाजपा युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष बनाए गए, यहां से उन्होंने अपनी राजनीतिक पारी की शानदार शुरुआत की। उनकी युवाओं के प्रति निष्ठा और कार्यशैली को देखते हुए उन्हें जिला युवा मोर्चा का दोबारा अध्यक्ष बनाया गया। इस दौरान उन्होंने अपनी कार्य कुशलता से भारतीय जनता युवा मोर्चा को ऊंचाई तक पहुंचाने का सराहनीय कार्य किया। इसके बाद वह जिला भाजपा उपाध्यक्ष बनाए गए जहां उन्होंने राजनीतिक क्षेत्र में अपनी मजबूत पकड़ बनाई उसके बाद से फिर कभी उन्होंने पीछे मुड़कर नहीं देखा, उनकी कार्यशैली और लगनशीलता को देखते हुए भारतीय जनता पार्टी प्रदेश इकाई द्वारा 2 वर्ष के लिए जिला भाजपा अध्यक्ष का महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा गया जिसे उन्होंने बखूबी निभाते हुए पूरे रायसेन जिले में एक ऊर्जावान जिला अध्यक्ष के रूप में अपनी अलग पहचान बनाई जिससे दूसरी बार फिर उन्हें भाजपा जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया। इस प्रकार से जिला भाजपा अध्यक्ष राकेश शर्मा का विद्यार्थी जीवन से लेकर वर्तमान तक का सफलतम सफर तय किया।*

### राकेश शर्मा का राजनैतिक सफर

भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा का राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवक, छात्र जीवन से लेकर वर्तमान तक का सफलतम शानदार राजनीतिक सफर रहा है, रायसेन के ग्राम सांचेत में ब्राह्मण परिवार के सामान्य कृषक पंडित स्व. प्यारेलाल शर्मा के घर उनका जन्म 7 जुलाई 1982 को हुआ, माता पिता और भगवान के आशीर्वाद से उन्होंने कुल परिवार का नाम रोशन किया है, पंडित स्व. प्यारेलाल शर्मा के पांचवें पुत्र राकेश शर्मा की शैक्षणिक योग्यता की बात करें तो उन्होंने बीएससी करने के बाद राजनीति शास्त्र से एमए किया।

शासकीय स्वामी विवेकानंद कॉलेज पाटनदेव रायसेन में अध्यनरत रहते हुए अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से वर्ष 2003-04 तक छात्र संघ के अध्यक्ष पद पर आसीन रहे। इसके बाद अभाविप जिला संयोजक पद पर कार्य करते हुए भोपाल विभाग प्रमुख पद का दायित्व भी संभाल चुके हैं। सन 1994 में वह राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ से जुड़े रहकर स्वयं सेवक के रूप में कार्य किया।







